SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
CLASS NOTES

CLASS: 4 SUBJECT: HINDI
Prepared By: DEEPIKA MEHRA LESSON- पाठ -१३ घुड़सवारी कैसे सीखी

प्रश्न १) शब्द अर्थ एवं श्रुतलेख पाठ्यपुस्तक 'प्रतिभा' से लिखिए |

प्रश्न २) दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

१) बहादुर - वीर

वाक्य- सैनिक बहादुर होते हैं |

२) सेवक - नौकर

वाक्य- हमें सेवकों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए |

३) घुड़सवारी - घोड़े पर सवार होने की क्रिया

वाक्य- रोहन को घुड़सवारी अच्छे से आती थी |

प्रश्न ३) खाली जगह भरिए –

१) डर को दूर करके ही हम कुछ <u>सीख</u> सकते हैं |

२) घोड़े की पीठ के ऊपर <u>सीट</u> लगी थी |

३) गुरूजी ने मेरे दोनों <u>भाइयों</u> को घोड़े पर सवार कर दिया |

प्रश्न ४) एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

१) पिताजी ने सेवक से बच्चों को क्या सिखाने के लिए कहा ?

उत्तर) पिताजी ने सेवक से बच्चों को घुड़सवारी सिखाने के लिए कहा |

२) लेखक के कितने भाई थे ?

उत्तर) लेखक के तीन भाई थे |

३) लेखक के घोड़े का क्या नाम था ?

उत्तर) लेखक के घोड़े का नाम रूड़ी था |

प्रश्न ५) दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए –

१) लेखक ने किस प्रकार अपने पिताजी से घुड़सवारी सीखने की इज़ाज़त ली ?

उत्तर) लेखक ने रोते हुए पिताजी से विनती की, जिसके कारण पिताजी ने घुड़सवारी सीखने की इज़ाज़त दी |

२) घुड़सवारी की पाठशाला में कौन –कौन लोग थे ?

उत्तर) घुड़सवारी की पाठशाला में पुरुष , महिलाएँ और कुछ बच्चे भी थे |

प्रश्न ६) विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए –

१) छोटा लड़का घोड़े से गिरने पर न डरा और न रोया ,क्यों ?

उत्तर) छोटा लड़का घोड़े से गिरने पर न डरा और न रोया क्योंकि उसने अपने डर को दूर कर लिया था , जिसके कारण वह घुड़सवारी सीख पाया |

व्याकरण

प्रश्न ७) दिए गए वाक्यों में कर्ता शब्द को रेखांकित कीजिए-

१) <u>विक्रम</u> पढ़ रहा है |

२) <u>सुरेश</u> खेल रहा है |

३) <u>गीता</u> चाय बना रही है |